दिन— रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक— 14 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः— 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल पूर्णिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बिहार को चालीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री कोसी—मेची लिंक परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का शुभारंभ करेंगे। श्री मोदी इस दौरे के क्रम में पीएम आवास योजना— ग्रामीण के पैंतीस हजार लाभार्थियों का गृह प्रवेश करायेंगे। श्री मोदी इस योजना के लाभुकों को सांकेतिक रूप से घर की चाभी भी सौपेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने हर दौरे पर बिहारवासियों को सौगात देते है। श्री जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है।

————————————————————————————————————

दो दिवसीय राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन रबी अभियान कल से नई दिल्ली में शुरू हो रहा है। यह कृषि सम्मेलन, विकसित कृषि संकल्प अभियान के दूसरे चरण का हिस्सा है जिसका उद्देश्य रबी सत्र दो हजार पच्चीस—छब्बीस के उत्पादन और कार्य योजना के बारे में मार्ग दर्शन करना है। सम्मेलन की अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे। समारोह में देशभर से आये कृषि विशेषज्ञ रबी फसल की चुनौतियों पर चर्चा करेंगे।

————————————————————————————————————

आज हिंदी दिवस है। इसी दिन वर्ष उन्नीस सौ उनचास में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में हिंदी को देश की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। आज हिंदी दुनिया की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और बावन करोड़ से ज्यादा लोगों की पहली भाषा है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि हिंदी केवल संवाद का

माध्यम नहीं है, बल्कि यह देश की पहचान और मूल्यों की जीवंत विरासत है। श्री मोदी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे हिंदी सहित सभी भारतीय भाषाओं को समृद्ध बनाएं और इन्हें भावी पीढ़ियों तक पहुँचाने का संकल्प लें। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को शुभकामनाएं दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में लोगों से हिंदी के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयत्नशील रहने का संकल्प लेने की अपील की। वहीं, मुख्यमंत्री ने राज्य के नागरिकों से हिंदी भाषा को कामकज के माध्यम के रूप में अपनाने की अपील की है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

---

पटना सहित राज्य के विभिन्न भागों में आज सुबह से ही रूक–रूक कर बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर भारी बारिश भी हुई है। मौसम विभाग ने सारण, मुजफ्फरपुर, रोहतास, गया और शेखपुरा जिले के कुछ भागों में आज शाम चार बजे तक बारिश और तेज हवा का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान पटना, औरंगबाद, भागलपुर, रोहतास, किशनगंज और सीतामढ़ी सहित प्रदेश के तैंतीस जिलों में बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने कहा है कि राज्य में अठारह सितंबर तक बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी।

---

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। ग्रुप–ए का यह मैच दुबई में रात आठ बजे से खेला जाएगा। इस वर्ष फरवरी के बाद दोनों टीमें पहली बार आमने–सामने होंगी। आकाशवाणी पटना से इस मैच का सीधा प्रसारण किया जायेगा।

---

समाप्त